हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026

04 बढ़ती महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन...




07 आखिर कजराई नदी पर कई सालों की प्रतिक्षा के बाद पुल का निर्माण हुआ





## भुजरिया तालाब का होगा विकास और बढ़ेगा सौंदर्य, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भुजरिया तालाब को शहर के प्रमुख आकर्षण के रूप में विकसित करने और इसके सौंदर्य को निखारने की दिशा में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने नगरीय प्रशासन, राजस्व विभाग एवं आर्किटेक्ट टीम के साथ स्थल का निरीक्षण किया। इस पहल का उद्देश्य तालाब को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ते हुए एक सुंदर और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इस दौरान आर्किटेक्ट श्री मनीष नामदेव द्वारा प्रारंभिक योजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिसमें तालाब के चारों ओर आउटर रोड के साथ वॉकिंग ट्रैक विकसित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त परिसर में किड्स जोन, फन जोन, "वोकल फॉर लोकल" मार्केट एवं व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा विकसित करने का प्लान बताया है। तालाब के मध्य स्थित टापू को आकर्षक सेल्फी पॉइंट के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसके चारों ओर स्थायी जलभराव वाला डीप वॉटर जोन तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटकों एवं नागरिकों के लिए बोटिंग (नौकायन) की सुविधा भी प्रारंभ करने की योजना बनाई जा रही है।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि संपूर्ण परियोजना का विस्तृत एवं व्यवहारिक प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान देते हुए कम से कम 500 दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग क्षमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित राजस्व टीम को निर्देशित किया कि प्रस्तावित क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं निजी भूमि का विस्तृत विवरण तैयार किया जाए, ताकि एक समग्र एवं प्रभावी मास्टर प्लान बनाकर उसे अंतिम रूप दिया जा सके और भविष्य में प्रस्ताव के रूप में शासन को प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पांडेय, पीओ डूडा संजय श्रीवास्तव, तहसीलदार जी.एस. बैरवा सहित नगरीय प्रशासन, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुना की धाकड़ कॉलोनी में दिल दहला देने वाली घटना, जांच शुरू

# सीनियर एडवोकेट ने फांसी लगाई, पत्नी का शव पलंग पर मिला, पूरा शहर स्तब्ध



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की धाकड़ कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक ऐसी दर्दनाक घटना सामने आई, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार गोयल (75) का शव उनके घर में फंदे पर लटका मिला, जबकि उनकी पत्नी किरण गोयल का शव पलंग पर पड़ा हुआ था। इस हृदयविदारक दृश्य को जिसने भी देखा, वह सन्न रह गया।

बताया जा रहा है कि दिलीप कुमार गोयल लंबे समय से गुना में वकालत कर रहे थे और सेशन कोर्ट, डीएम कोर्ट तथा कमिश्नरी में उनकी गिनती अनुभवी और सम्मानित वकीलों में होती थी। वहीं उनकी पत्नी किरण गोयल शासकीय शिक्षिका रह चुकी थीं और सेवानिवृत्ति के बाद पति के साथ शांत जीवन व्यतीत कर रही थीं।दोनों के बच्चे शहर से बाहर रहते हैं।

शुक्रवार सुबह जब बच्चों ने माता-पिता को फोन किया तो किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। कई बार प्रयास करने के बाद भी जवाब नहीं मिला तो उन्हें चिंता हुई और उन्होंने पड़ोसियों व रिश्तेदारों को सूचना दी। जब लोग घर पहुंचे और अंदर का दृश्य देखा, तो सभी के होश उड़ गए।एक ओर जहां पति का शव फंदे पर लटका था, वहीं पत्नी का निर्जीव शरीर पलंग पर पड़ा मिला। यह दृश्य इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग स्तब्ध रह गए। पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया और देखते ही देखते घटना की खबर शहरभर में फैल गई।

इस घटना के पीछे क्या कारण रहे, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।इस दुखद घटना से गुना के वकील समुदाय में गहरा शोक है। न्यायालय परिसर में दिनभर इस घटना की चर्चा होती रही और हर कोई इस बात से व्यथित नजर आया कि एक सम्मानित दंपती का अंत इस तरह होगा, किसी ने सोचा भी नहीं था।यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि समाज के लिए भी एक गहरी सोच छोड़ जाती है—कि आखिर ऐसे हालात क्यों बनते हैं, जहां जीवन से हार मानने की नौबत आ जाती है।

### स्कूल के ऊपर लगे टॉवर में धधकी आग, मची अफरा-तफरी, मौके पर पहुंची दमकल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

**गुना।** श्रीराम कालोनी में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास एक प्राइवेट स्कूल की बिल्डिंग के ऊपर लगे बीएसएनएल टावर में आगजनी होने से मौके पर अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि स्कूल की छुट्टी के चलते बच्चे और स्टाफ दोनों मौजूद नहीं था नहीं तो घटना गंभीर हो सकती थी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल वाहन ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में दो फायर ब्रिगेड का पानी खत्म हो गया तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी का कारण टावर में शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना श्रीराम कालोनी के मेडीकल बगीचा क्षेत्र की है, जहां जिस बिल्डिंग में प्राइवेट स्कूल संचालित है,उसी बिल्डिंग में ऊपर बीएसएनएल का टावर लगा हुआ है। बताया गया है कि करीब 20 साल से यहां टावर लगा हुआ है, कई बार लोग इसे हटाने की गुहार लगा चुके हैं। आगजनी की घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में नाराजगी दिखी। क्षेत्रीय महिला पार्षद ने कहा कि वे घटना के बाद तुरंत मौके पर पहुंची और नगरपालिका को सूचना दी। उन्होंने कहा कि काफी सालों से ये टावर लगाया गया है जिसके नीचे स्कूल संचालित है। अभी छुट्टियां चल रही है, अन्यथा गंभीरहादसा हो सकता था। वहीं मौके पर मौजूद कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि अभी दो-तीन दिन पहले टावर का मेंटेनेंस कार्य हुआ था और संभवतः शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। उन्होंने बताया कि टावर को यहां से हटाने आदि संबंधित आवेदन अभी तक नहीं मिला है,नया एग्रीमेंट भी हुआ है। हालांकि उन्होंने कहा कि ये दूसरे विभाग का काम है, इसलिए इसकी डिटेल जानकारी उनके पास नहीं है। इस घटना के बाद रिहायशी इलाके में टावर संचालन से स्थानीय लोगों में नाराजगी है और टावर हटाने की मांग की जा रही है।



## मेला परिसर में नॉनवेज खाने पर हिंदूवादी संगठनों ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

टेकरी मेला परिसर में झूला कर्मचारियों द्वारा नॉनवेज भोजन बनाने और खाने का मामला सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। जैसे ही यह जानकारी हिंदूवादी संगठनों तक पहुंची, उन्होंने इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया और संबंधित मामले में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की।संगठनों का आरोप है कि धार्मिक स्थल पर इस प्रकार का कृत्य आस्था को ठेस पहुंचाने वाला है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

हिंदूवादी संगठनों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है और प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर टेकरी में उमड़ा आस्था का सैलाब, प्रशासनिक समन्वय से सफल रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

टेकरी मंदिर पर आयोजित हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष भव्यता, आस्था और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ संपन्न हुआ। लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे जिले के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शुमार कर दिया। भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन, पुलिस एवं जनसहभागिता के समन्वय से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, मंदिर ट्रस्ट, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन जहां एक ओर हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करते हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करते हैं। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में छोटे व्यापारियों द्वारा दुकानें लगाते है, जिससे उन्हें रोजगार और आय के अवसर प्राप्त होते हैं।प्रशासन द्वारा पूर्व से ही व्यापक स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित की गई थीं। यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं भीड़ नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम किए गए, जिसके चलते श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।आयोजन के उपरांत कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन को मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिसके चलते सफाई अमले द्वारा विशेष अभियान चलाकर लगभग 6 ट्रॉली एवं 8 छोटे कचरा वाहनों के माध्यम से कचरे का समुचित निस्तारण किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र पुनः स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थान पर कचरा न रहे तथा धार्मिक स्थलों की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।




## रिश्वत और लापरवाही पर गिरी गाज, महिला एवं बाल विकास विभाग के 2 आउटसोर्स कर्मचारी बर्खास्त

**ई-केवाईसी करने के नाम पर 200 रुपए प्रति व्यक्ति की मांग करने का गंभीर आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

महिला एवं बाल विकास विभाग में भ्रष्टाचार और लापरवाही पर आखिरकार सख्त कार्रवाई की गई है। विभाग के अंतर्गत आउटसोर्स पर कार्यरत दो ब्लॉक समन्वयकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।पहला मामला बमोरी परियोजना का है, जहां ब्लॉक समन्वयक राजेन्द्र राय पर नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं से पोषण ट्रैकर में ई-केवाईसी करने के नाम पर 200 रुपये प्रति व्यक्ति की मांग करने का गंभीर आरोप लगा था। शिकायत मिलते ही कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिए।जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार द्वारा गठित जांच समिति ने जब मामले की पड़ताल की, तो आरोप सही पाए गए।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिखित बयान और तथ्यों ने साफ कर दिया कि ई-केवाईसी के नाम पर वसूली की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए समिति ने सख्त कार्रवाई की अनुशंसा की, जिसके बाद संबंधित एजेंसी टी एंड एम सर्विसेस कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई ने राजेन्द्र राय को कदाचार के आधार पर सेवा से बर्खास्त कर दिया।दूसरा मामला चांचौड़ा परियोजना का है, जहां ब्लॉक समन्वयक रामजीवन मीना लंबे समय से कार्यालय से नदारद रहते थे।

न केवल वे बार-बार अनुपस्थित रहते थे, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की भी अनदेखी कर रहे थे। विभागीय जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही और कार्य में रुचि न लेने के चलते एजेंसी ने उनकी सेवाएं भी समाप्त कर दीं।दोनों मामलों में हुई कार्रवाई ने यह साफ संदेश दे दिया है कि अब विभाग में न तो रिश्वतखोरी बर्दाश्त की जाएगी और न ही कामचोरी। प्रशासन की सख्ती से अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया है।

### वैज्ञानिक पद्धति से समाधान व पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# केदारनाथ धाम एवं चाकरी-छिकारी प्लांटेशन विषयों पर कलेक्टर की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में केदारनाथ धाम एवं चाकरी-छिकारी क्षेत्र में प्लांटेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री कन्याल ने केदारनाथ धाम से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर कहा कि उनका स्थायी निराकरण वैज्ञानिक पद्धति से ही संभव है। इसके लिए विशेषज्ञ समिति द्वारा वैज्ञानिक आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर जो सर्वोत्तम विकल्प सामने आएगा, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।चाकरी-छिकारी प्लांटेशन के संबंध में कलेक्टर ने स्थानीय नागरिकों को समझाइश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वन विभाग द्वारा किए जा रहे पौधारोपण कार्यों में सभी पक्षों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तकनीक इतनी उन्नत हो चुकी है कि सैटेलाइट के माध्यम से भी पेड़ों की कटाई की निगरानी संभव है, इसलिए किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से बचें।कलेक्टर ने सभी को आपसी विवाद से दूर रहकर शांति एवं सहयोग की भावना से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भूमि से जुड़े अनावश्यक विवादों से बचें और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दें।युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जो विद्यार्थी पढ़ाई करना चाहते हैं, वे आगे आएं। प्रशासन द्वारा कोचिंग एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाएगा। साथ ही शारीरिक रूप से सक्षम युवाओं को विशेष पुलिस प्रशिक्षण प्रदान कर आगामी पुलिस भर्ती के लिए तैयार किया जा सकता है।कलेक्टर श्री कन्याल ने स्पष्ट किया कि पौधारोपण एवं वृक्षों का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसमें बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से समन्वय, सहयोग एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, वनमण्डलाधिकारी अक्षय राठौर, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, एसडीएम श्रीमति शिवानी पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




## समाचार संक्षेप

### अग्रवाल ट्रस्ट गुना एवं नवयुवक दल ने पोहे बांटे और शीतल जल पिलाया




**गुना।** अग्रवाल समाज गुना एवं अग्रवाल नवयुवक दल द्वारा) शीतल जल एवं पोहा वितरण किया। हनुमान टेकरी पर किया गया। विवेक गर्ग ने बताया अग्रवाल ट्रस्ट और नवयुवक दल गुना द्वारा पोहे और शीतल जल पिलाया एवम् पोहे का वितरण किया गया। जिसमें सभी लोगों ने पोहे खाकर आनंद लिया और सभी अग्रवाल ट्रस्ट के सदस्यों और नवयुवक दल का विशेष सहयोग रहा और जूनियर युवा ग्रुप के सदस्य ने अपनी भागीदारी दी। अग्रवाल समाज गुना काफी वर्षो से हनुमान टेकरी पर अपनी सेवा देता आ रहा है जो कि सराहनीय कार्य है। जिसमें शीतल जल भी सभी को पिलाया और धर्म लाभ लिया। भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना बहुत बड़ा धर्म है जिसमें अग्रवाल समाज सबसे आगे है। जिसमें अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, सचिव (अनिल अग्रवाल, इंजीनियर) कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल आदि, नवयुवक दल के अध्यक्ष अनिल महू वाले और सचिव चंदू अग्रवाल सहित सभी टीम का सहयोग रहा सुबह से लेकर रात तक पोहे का वितरण किया गया काफी संख्या मे लोगों ने पोहे का आनंद लिया ।

### भुजरिया तालाब लक्ष्मी नारायण मंदिर पर गंगा आरती हुई



**गुना।** गंगा समग्र मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में भुजरिया तालाब स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर गंगा आरती संपन्न हुई । मंदिर के महंत श्री राघवेंद्र दास जी महाराज ने प्रत्येक पूर्णिमा पर गंगा आरती करने का संकल्प लिया। इस आयोजन में मध्य भारत प्रांत के संयोजक बृजभूषण शर्मा एवं जिला संयोजक पंडित मनोज शर्मा के अलावा भारत विकास परिषद की अहिल्या शाखा की अध्यक्ष श्रीमती इंदु सोनी सचिब नीरज शर्मा श्रीमती नीता शर्मा श्रीमती किरण शर्मा सहित अनेकों महिला पुरुषों ने शामिल होकर गंगा आरती कर धर्म लाभ उठाया। आरती के पश्चात महाराज जी द्वारा सभी को प्रसाद वितरण किया गया और अहिल्या शाखा द्वारा सभी जनों को गुलाब शरबत पिलाया गया सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि प्रत्येक माह पूर्णिमा तिथि पर गंगा आरती कर अपने आप को धन्य करेंगे ।

### ओवरब्रिज निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुई मुख्य पाइपलाइन, शहर की पेयजल आपूर्ति ठप, नपाध्यक्ष ने जताया खेद

**गुना।** शहरवासियों को अगले कुछ दिनों तक जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। टोरिया रेलवे गेट के पास ओवरब्रिज का निर्माण कर रही एजेंसी की मशीनों ने सिंध नदी से गुना शहर को जोडऩे वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस लापरवाही के कारण सिंध फिल्टर प्लांट से शहर की ओवरहेड टंकियों तक होने वाली जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है।घटना की जानकारी मिलते ही नगरपालिका के जल प्रकोष्ठ की टीम मौके पर पहुंची और युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। पाइपलाइन ठीक होने के पश्चात ही टंकियों की भराई और वितरण संभव हो सकेगा, जिससे सिंध नदी पर आश्रित क्षेत्रों में जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने इस आकस्मिक बाधा के लिए शहरवासियों से खेद व्यक्त करते हुए धैर्य बनाए रखने की अपील की है।



### लॉकअप से फिल्मी अंदाज में भागा चोर

**गुना ।** जिले के मधुसूदनगढ़ थाना में पुलिस की गंभीर लापरवाही सामने आई है, जहां मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पकड़ा गया आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी दिनेश भील पुत्र मेहरबान भील, निवासी लक्ष्मणपुरा थाना जामनेर, को मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार कर मधुसूदनगढ़ थाने के लॉकअप में रखा गया था। आरोपी की निगरानी के लिए तीन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी, बावजूद इसके वह तडक़े करीब 4 बजे लॉकअप से फरार हो गया। फरारी की जानकारी लगते ही पुलिस विभाग में हडक़ंप मच गया और तत्काल उसकी तलाश शुरू कर दी गई।मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर ने बताया कि घटना गंभीर है और इसे संज्ञान में लिया गया है। एसपी द्वारा इस पूरे मामले में डीएसपी हेडक्वार्टर से विस्तृत प्रतिवेदन मांगा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी को रात में सुरक्षित लॉकअप में रखा गया था, लेकिन किन परिस्थितियों में वह भागने में सफल हुआ, यह जांच का विषय है। घटना के बाद थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस टीमें आरोपी की तलाश में जुट गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। वहीं, पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

## समाचार संक्षेप

### नवनियुक्त एसडीएम का किया स्वागत



आरोन। कलेक्टर ने आदेश जारी कर महिमा चौधरी को आरोन एसडीएम नियुक्त किया इस नियुक्ति पर बीएलओ संघ के अध्यक्ष दिलवर खान द्वारा नवनियुक्त एसडीएम महिमा चौधरी का स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर समाजसेवी विकास शर्मा, रितिक भार्गव, कमल कुशवाह ,गौरव शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### आरोन मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



आरोन। जिले के आरोन मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत प्रथम दिन के 4 सत्रों का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में जिले से आए प्रवक्ता श्री मनोज दुबे जी ने विषय अनुसार जानकारी दी ।जिसकी अध्यक्षता और उनके वरिष्ठ पुरुषोत्तम सोनी ने की इसी क्रम में दूसरा सत्र हरि सिंह यादव जी ने लिया । तीसरा सत्र नीरज निगम ने लिया चौथा सत्र गोविंद प्रसाद शर्मा ने लिया तथा दूसरे दिन का प्रारंभ का पांचवा सत्र गुना के कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव ने लिया ।विषय अनुसार लिया तथा छठवा सत राम प्रकाश शर्मा विषय अनुसार लिया । सातवा सत्र संजीव सोनी विषय अनुसार लिया इसी क्रम में आठवां और आखिरी सत्र देवेंद्र सिंह रघुवंशी हल्के नेताजी ने विषय अनुसार लिया जिसमें आरोन के सभी वरिष्ठ पोलिंग बूथ के अध्यक्ष सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं युवा साथी उपस्थित रहे । इन सभी का आभार आखिर में मंडल अध्यक्ष सुरजीत धाकड़ ने किया।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा


हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन




क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के निर्देश में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई और भाजपा शासन के कथित शोषण के विरोध में शुक्रवार 3 अप्रैल को जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत नगर के दास हनुमान मंदिर चौराहे से हुई, जहां ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। गुना ग्रामीण प्रतिनिधि शिवकुमार उपरिंग ने कार्यक्रम का संचालन किया।धरना प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने उद्बोधन में महंगाई के मुद्दे पर सरकार की नीतियों की आलोचना की।इसके पश्चात प्रदर्शनकारियों ने जुलूस के रूप में नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होते हुए एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली। यहां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में शहर में रसोई गैस सिलेंडर की कथित कमी, बढ़ती कीमतें, बिजली संबंधी समस्याएं तथा पेट्रोल-डीजल की महंगाई का उल्लेख किया गया। ज्ञापन पढ़ते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल स्याही से नहीं, बल्कि उन माताओं के आंसुओं से लिखा गया है जिनकी रसोई महंगाई की मार से प्रभावित हो रही है।उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर “गूंगी-बहरी सरकार” को जगाने का काम कर रहे हैं।अंत में कार्यक्रम में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं शहरी-ग्रामीण कार्यकर्ताओं का नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन ने आभार व्यक्त किया।कांग्रेस प्रभारी रविंद्र रघुवंशी नगर अध्यक्ष शक्ति शर्मा, जनपद प्रतिनिधि रामलला यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव रघुवंशी, नगर परिषद पार्षद मंडल एवं सेक्टर प्रभारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीदास हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया





आरोन। नगर के आस्था केन्द्र प्राचीन श्रीदास हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया।प्रातः 7:30 बजे मंगला आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा लाइटिंग की सुंदर व्यवस्था की गई। साथ ही फूल-मालाओं से पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीहनुमान जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।संध्या 7:00 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा और सुबह से लेकर रात तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे। रात्रि में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति का आनंद लिया।संध्या आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी मंदिर के पुजारी दीपक भार्गव एवं आशु भार्गव द्वारा दी गई।


## राघौगढ़ में श्री हनुमान जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया



### अखाड़े में कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के सभी मंदिरों में सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया, जो देर रात तक चलता रहा। चक्की क्षेत्र स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर बृजेश शर्मा ने बताया कि सुबह 5 बजे से पंचामृत एवं जल से भगवान हनुमान का अभिषेक किया गया। शाम के समय आरती के पश्चात भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान भजन-कीर्तन और संगीत के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित हुए।विशेष रूप से बालाजी महाराज का मावा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया और भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।वहीं नरसिंह मंदिर से नगर में विशाल चल



समारोह एवं अखाड़ा निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अखाड़े में कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिसे देखने के लिए नगरवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ देर रात तक जारी रहा।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# रुठियाई रेल जंक्शन पर अमृत भारत योजना के कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग

### विजय कुमार जैन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने मांग की है कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत रुठियाई रेल जंक्शन पर चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करा कर आम जनता को सुविधा दी जाएं। आपने विस्तृत पत्र सौरभ कटारिया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं सचिव रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल को भेजा है। विजय कुमार जैन ने 29 दिसंबर 25 को पत्र भेजकर उल्लेख किया था कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत आरक्षित श्रेणी का यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया है जिसे आम यात्रियों के लिए नहीं खोला गया है। इस मांग के संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे ने विगत दिवस पत्र भेजकर आपको अवगत कराया है कि प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार विजय कुमार जैन ने






आम जनता की है समस्या मंडल रेल प्रबंधक को लिखी थी कि रेल्वे स्टेशन रुठियाई के पार्किंग एरिया में अमृत भारत योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों के चलते पेशाब घर को हटा दिया गया है पेशाब घर हटा देने से स्टेशन जाने आने वाले रास्ते में गंदगी हो रही है। इसके संबंध में पत्र द्वारा अवगत कराया है कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत पार्किंग एरिया में पेशाब घर बनाए जाने का प्लान नहीं था।फिर भी आपके सुझाव को ध्यान में रखते हुए इसके लिए सर्वे कराकर इस संबंध में उचित निर्णय लिया जा सकता है। विजय कुमार जैन ने पुनः पत्र में लिखा है कि यात्रियों द्वारा खुले में पेशाब करने से गंदगी हो रही है यहां पर पेशाब घर का निर्माण शीघ्र कराया जाए। आपने यह भी उल्लेख किया है कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत रुठियाई जंक्शन पर पिछले दो वर्ष से लगभग 20 करोड रुपए की लागत से विकास कार्य बहुत धीमी गति से चल रहे हैं। रेल अधिकारियों द्वारा अक्टूबर 2025 में अवगत कराया था कि रुठियाई जंक्शन पर अमृत भारत योजना के निर्माण कार्यों को वित्तीय वर्ष 2025- 26 में पूर्ण कर लिया जाएगा। 31 मार्च 26 को वित्तीय वर्ष समाप्त हो गया है। मगर अमृत भारत योजना के निर्माण कार्य अभी भी अधूरे हैं। विजय कुमार जैन ने बताया है अमृत भारत योजना के अंतर्गत गुना, अशोकनगर एवं ब्यावरा रेलवे स्टेशनों के निर्माण कार्य आज भी अधूरे हैं। जबकि भोपाल मंडल में अनेक स्टेशनों के अमृत भारत योजना के निर्माण कार्यों का लोकार्पण हो गया है।

# समाज सेवी वैशाली सलूजा ने यातायात कर्मियों के लिए टीन शेड बूथ प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शहर की सड़कों पर चिलचिलाती धूप और धूल के बीच यातायात व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों के लिए एक सुकून भरी खबर सामने आई है। समाजसेवी वैशाली सलूजा एवं रवि कुमार सुपुत्र चिमनलाल सलूजा ने एक अनूठी पहल करते हुए पुलिस जवानों को धूप से बचने के लिए टीन से बनी यातायात चैकी भेंट की है। इस नवाचार का उद्देश्य उन जवानों को राहत देना है जो दिनभर बिना किसी साये के चैराहों पर तैनात रहते हैं।

पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा ने कहा कि हमारी सुरक्षा के लिए खड़े जवानों को भी मिले राहत। ट्रैफिक पुलिस की उपस्थिति चालकों को अनुशासित रखती है और सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाती है। ट्रैफिक पुलिस (यातायात पुलिस) का मुख्य कार्य सड़कों पर सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना, दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात नियमों का पालन करवाना है। जिला मुख्यालय पर अब तक केवल जाट चैराहे पर ही एकमात्र यातायात चैकी बनी हुई थी। इसके अलावा शहर के अन्य प्रमुख चैराहों पर तैनात जवानों के पास बैठने या कड़ाके की धूप से बचने के लिए कोई व्यवस्थित स्थान नहीं था। वैशाली सलूजा ने इस पीड़ा को समझा और जवानों के लिए पोर्टेबल टीन शेड बूथ




तैयार कराया ताकि ड्यूटी के दौरान उन्हें सीधी धूप से बचाया जा सके। नवाचार के संबंध में वैशाली सलूजा ने बताया कि पुलिस विभाग के अधिकारी और जवान दिन-रात हमारी सुरक्षा और शहर की व्यवस्था के लिए सड़कों पर खड़े रहते हैं। गर्मी के मौसम में उनकी स्थिति देख मन में विचार आया कि इनके लिए कुछ किया जाना चाहिए। मैंने इस मुहिम की शुरुआत की है और आशा करती हूँ कि शहर के अन्य समाजसेवी और सामर्थ्यवान लोग भी इस सिलसिले को आगे बढ़ाएंगे ताकि समाज और पुलिस के बीच समन्वय बढ़े और हमारे रक्षकों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। यातायात पुलिस के जवानों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। जवानों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान कुछ पलों के लिए भी छांव मिलना बड़ी राहत देता है। स्थान पर मौजूद सभी यातायात कर्मियों द्वारा उनकी इस अनूठी पहल के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विहिप हनुमानगढ़ में हनुमान जयंती का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ़

विश्व हिंदू परिषद हनुमानगढ़ प्रखंड द्वारा हनुमानगढ़ में हनुमान जयंती उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर संपर्क आयाम डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा जिस प्रकार से हनुमान जी ने अपना जीवन समर्पित किया है उसी प्रकार युवाओं को राष्ट्र समाज के लिए समर्पित होकर जीना चाहिए।

आज हमारे देश में राष्ट्र धर्म विरोधी शक्तियां समाज को बांट रही हैं उस समय हमें हनुमान जी जैसी बुद्धि विवेक से काम लेकर समाज की रक्षा करना है। किसी प्रकार के आवेश में आ कर हमको कोई भी गलत कदम नहीं उठाना है हमें कानून की रक्षा करना है कानून कभी हाथ में नहीं लेना है। युवाओं को जोश के साथ राष्ट्र का काम करना है और उसके साथ भी रहना है श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रखंड हनुमान (ईसागढ़)में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में बाहर से पधारे पदाधिकारी प्रांत प्रमुख विहिप अर्चक संपर्क आयाम डाक्टर दीपक मिश्रा जिलाध्यक्ष दिनेश जैन जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी जिला उपाध्यक्ष





सुशील शर्मा जिला सह कोषाध्यक्ष रामजीलाल शर्मा,जिला विमर्श प्रमुख मोहन नामदेव, एवं किन्नर समाज की जगत गुरु काजल ठाकुर किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर एवं चंदेरी की गादीपति भावना मां (मौसी) जानवी मौसी एवं समस्त किन्नर समाज।

जिला सुरक्षा प्रमुख मंगल सिंह,जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख, जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख बंटी शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष चंद्रपाल यादव, विजय ग्वाल, प्रखंड उपाध्यक्ष कमर केवट, प्रखंड मंत्री नीरज जोशी,लक्ष्मी नारायण भार्गव, प्रखंड संयोजक रामकृष्ण केवट, माधो सिंह कुशवाह, रणवीर यादव,अरुण ओझा, रामस्वरूप सेन, जगदीश शर्मा,राहुल शर्मा, श्याम शर्मा,भूपेंद्र शर्मा,अरविंद यादव, परमाल विश्वकर्मा,राजू कुशवाह,मोंटी रघुवंशी,सुनील कुशवाहा मनीष कुशवाहा, संस्कार सुमन विवेक सुमन शिवम ओझा संदीप ओझा गोलू शर्मा राहुल प्रजापति बृज नारायण शर्मा सुनील वाल्मीकि विनय बाल्मिक, बब्लू लोधी,जगदीश केवट,अभिषेक कुशवाह,आदि। शोभा यात्रा चैखट्टा श्री हनुमान मंदिर पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ कर शोभा यात्रा प्रारंभ की जो चुंगी नाका कदवाया रोड से बापिस चुंगी नाका होते हुए बस स्टैंड तालाब रोड होते हुए पुरानी कचहरी हायर सेकेंडरी स्कूल ख़चा मोहल्ला होते हुए बस स्टैंड संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर पर भगवान श्री हनुमान जी की आरती कर समापन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा टीईटी परीक्षा के संदर्भ में क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा है। सुबह से ही शिक्षकों का हुजूम सर्किट हाउस पर एकत्रित होने लगा था। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र से जुड़े एक प्रकरण में कहा कि कक्षा 1 से 8 तक शिक्षण कराने वाले देश के सभी शिक्षकों को टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। इस निर्णय से अशोकनगर जिले के 1500 शिक्षक प्रभावित होंगे जबकि पूरे प्रदेश में 1 लाख 60 हजार तथा देश में कुल 25 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। शिक्षक संघ ने कहा कि कोई भी नियम वर्तमान तिथि से लागू होता है न कि पीछे से। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में बना और जुलाई 2010 से लागू हुआ था। अतः 2010 के बाद भर्ती शिक्षकों पर यह लागू होना चाहिए न कि 1995 से 2010 के बीच नियुक्त शिक्षकों पर।

25 से 30 वर्ष पूर्व तत्कालीन



नियमों और शासन की नीतियों के द्वारा हमारी भर्ती हुई थी। आज 30 वर्ष की सेवा के बाद हमारी योग्यता पर प्रश्न उठाना और टीईटी के रूप में हमारी अग्नि परीक्षा लेना ,शिक्षकों के सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रही है। शिक्षक संघ ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार इस निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका लगाए या केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इस निर्णय को बदले। केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया और कहा कि आप मेरे परिजन है। मुखिया होने के नाते में आपके साथ हूँ। आपकी बात को प्रदेश और देश की सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखूंगा। इस अवसर पर 500 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पिपरई में 1000 शिकायतों को सुना, 230 का मौके पर निराकरण किया

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया 3 दिन अशोकनगर जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले के 3 दिवस के प्रवास के पहले दिन मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के पिपरई में आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक हजार से अधिक आवेदक अपनी समस्याए लेकर पहुचें 238 आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

### संवेदनशीलता और त्वरित समाधान के उदाहरण बने कई प्रकरण

जनसुनवाई के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 3 घंटे से अधिक समय तक उपस्थित रहकर आवेदकों की





समस्या को गंभीरता से सुना। इस दौरान दौलत सिंह को मौके पर ही कान की मशीन उपलब्ध कराते हुए उसका उपयोग भी समझाया गया, जिससे उनके चेहरे पर संतोष और खुशी के भाव स्पष्ट दिखाई दिए। वहीं ग्राम बर्रा निवासी दिव्यांग गोपाल की समस्या सुनते हुए केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि आगामी दिशा बैठक के दौरान उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही चंदा देवी, जिन्हें पिछले 3 वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी, उनका प्रकरण मौके पर ही स्वीकृत कराया गया। इसी प्रकार एक अन्य व्यक्ति, जो पिछले 10 वर्षों से आवास के लिए प्रयासरत थे, उन्हें भी तत्काल स्वीकृति दिलाई गई। जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का टोकन प्रणाली के तहत विधिवत पंजीकरण किया गया, जिससे प्रत्येक आवेदक की समस्या का रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। साथ ही लंबित प्रकरणों की ऑनलाइन ट्रैकिंग सुनिश्चित की गई है, जिसके माध्यम से प्रत्येक आवेदन की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। इस व्यवस्था से समाधान प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### प्रशासन को सख्त निर्देश, हर प्रकरण का हो समाधान

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक-एक आवेदन का निराकरण किया जाना चाहिए। जिन मामलों का समाधान संभव नहीं है, उनके कारण स्पष्ट रूप से बताए जाएं। साथ ही केंद्र और राज्य स्तर से संबंधित विषयों को उचित स्तर पर पहुंचाकर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### जनसुनवाई का दूसरा चरण निरंतर समाधान का संकल्प

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष प्रारंभ की गई जनसुनवाई की यह मुहिम अब दूसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या सुनी जाए, उसका समाधान हो और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की नियमित जनसुनवाई से न केवल समस्याओं का समाधान होगा।

## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत कविता पत्नि दीपक सेन उम्र 25 साल निवासी गणेश कॉलोनी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम पन्हौआ निवासी अरविन्द पुत्र बालकिशन जाटव उम्र 18 साल की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई, युवक को उल्टीयां होने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### युवक की करंट लगने से मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय कोलुआ रोड़ पर गैस एजेंसी पर काम करने वाले एक 19 वर्षीय युवक पारस पुत्र मनोज जैन निवासी पोहरी जिला शिवपुरी की करंट लगने से मौत हो गई है। यह घटना उस समय हुई जब वह लोहे की रॉड लेकर छत की ओर जा रहा था तभी लोहे की रॉड बिजली के तार से टकरा गई। जिससे उसे करंट लग गया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवाली शेषा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद शर्मा, गजेन्द्र और रानी शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सगौरिया थाना म्याना निवासी प्रदीप आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश आदिवासी ने साले से मजाक मजाक में गाली गलौच की और गाली देने से मना करने पर डंडे से हमला कर दिया जिससे चोटे आईं है। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ऑक्सी चक्क निवासी रामबाबू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पालकी यात्रा कस्बे के मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची



**शाढ़ौरा।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी खडिया मोहल्ला श्री पंचदशनाम प्राचीन बाल हनुमानजी मंदिर अखाड़ा प्रांगण पर भव्य पालकी शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य पालकी यात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्गो से होती हुई निकली। भव्य पालकी यात्रा पुनः मंदिर पहुंची, जहां पालकी शोभायात्रा का समापन किया गया।

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया

# आखिर कजराई नदी पर कई सालों की प्रतिक्षा के बाद पुल का निर्माण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले के भ्रमण के पहले दिवस विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के ग्राम कजराई पहुंचे। ग्राम कजराई में 43 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण कर ग्राम पंचायत वासियों को समर्पित किया। इसी प्रकार ग्राम कजराई स्थित अशोकनगर पिपरई मार्ग के 13 /10 में ओर नदी पर 7 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया। इस पुल की कुल लंबाई 120 मीटर है।

उन्होंने कहा कि ग्राम कजराई स्थित ओर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण से आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा। इस पुल के बन जाने से मुंगावली, पिपरई से अशोकनगर जाने में नागरिकों को निर्बाध यातायात उपलब्ध होगा। वर्षाकाल के दौरान यह मार्ग बंद हो जाता था,जिससे नागरिकों को काफी परेशानी होती थी। उल्लेखनीय है कि यह पुल नीचे था और सड़क ऊंची बनी हुई थी इस कारण नदी का पानी पुल के ऊपर से जाता था, 7 से 8 फुट पानी पुल के ऊपर होना सामान्य बात थी। जिसके कारण आम लोगों का निकलना बंद हो जाता था, कई घटनाएं ऐसी भी हो चुकी हैं जिन्होंने पुल पर पानी होने के दौरान पुल पर से ही वाहन निकालने का प्रयास किया। कई सालों तक इस पुल का निर्माण चलता रहा, ठेकेदार भी बदले, जब कहीं जाकर इस पुल का निर्माण अब जाकर हो पाया है। इस पुल के बनने के बाद अशोकनगर और पिपरई का सड़क संपर्क अब पूरे वर्ष भर बना रहेगा तथा पिपरई से मुंगावली की भी आसानी से यात्रा की जा सकेगी।

### सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं: सिंधिया



इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि ग्रामीण विकास की अवधारणा को साकार करते हुए ग्राम पंचायत कजराई द्वारा सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत भवन स्मार्ट पंचायत भवन में बनाया गया है। जिससें ग्राम पंचायत के निवासियों को फ्री वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही निगरानी हेतु सीसीटीवी और शासकीय कार्यो के संपादन हेतु डिजिटल मीटिंग हॉल जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कजराई भवन जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए मॉडल के रूप में प्रस्तुत है। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष अशोकनगर नीरज मनोरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक जजपाल सिंह, लड्डूराम कोरी, सरपंच कल्पना कलावत सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिले में अब कोई भी रास्ता ऐसा नहीं जहां पुल न हो

अशोकनगर जिले में अब वर्षाकाल के दौरान भी आसानी से कहीं भी यात्रा करना कठिन नहीं होगा, जिन मार्गों पर पुल नहीं थे उन मार्गों पर भी सड़कों के साथ पुलों का निर्माण हो चुका है। पहले पुल का निर्माण सिंध नदी पर हुआ था, यहां पहले पुल नहीं था और सिंध नदी के पानी के कारण अशोकनगर और आरोन का सड़क संपर्क टूट जाता था लेकिन वहां भी सोवत के समीप पुल का निर्माण हो चुका है जिससे अशोकनगर आरोन की बीच दूरी भी कम हुई है। इसी प्रकार कजराई नदी पर यह दूसरा पुल था जो वर्षा काल में बंद हो जाता था, वहां भी पुल बनने से रास्ता आसान हो गया है।

# आदेश-किरायेदार को नहीं किया जा सकता जबरन बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के प्रतिष्ठित स्टेशन रोड पर स्थित अग्रवाल पैलेस के पास एक किराये की दुकान को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को अदालत के फैसले के बाद नया मोड़ ले चुका है। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि किरायेदार बलराम कोहली को उनकी दुकान से जबरन और बलपूर्वक बेदखल नहीं किया जा सकता है। इस आदेश ने शहर में इस तरह के विवादों के लिए एक महत्वपूर्ण नजीर पेश की है।

### 36 साल से किरायेदार, राजनैतिक दबाव का आरोप

बलराम कोहली के वकील, एडवोकेट चंद्रशेखर साहु ने अदालत में दलील दी कि कोहली पिछले 36 वर्षों से इस दुकान में व्यापार कर रहे हैं और 2023 तक का किराया नियमित रूप से अदा किया है। साहू का आरोप है कि दुकान मालिक अपने राजनैतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर दुकान पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते थे। जब कोहली ने किराया देना चाहा, तो उन्होंने उसे लेने से मना कर दिया। जिसकी उन्होंने शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### निषेधाज्ञा आवेदन पर अदालत की रोक

इस स्थिति में, एडवोकेट चंद्रशेखर साहु ने अदालत में निषेधाज्ञा आवेदन प्रस्तुत किया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, बलराम कोहली की दुकान संचालन में बाधा उत्पन्न न करने और उन्हें दुकान से बेदखल न करने के आदेश जारी किए। यह आदेश कोहली के लिए एक बड़ी राहत है।

### गुड फ्राइडे के मौके पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** शहर के सेंट थॉमस चर्च पर गुड फ्राइडे का दिन प्रभु यीशु को याद करने का दिन था। उनके द्वारा मानवता के लिए किए गए कार्यो का प्रार्थना सभा के माध्यम से स्मरण किया गया। यह दिन मानव जाति की मुक्ति के लिए प्रभु यीशु के बलिदान को याद किए जाने का दिन है। आज के दिन प्रभु यीशु ने क्रूस पर अपने प्राण त्याग दिए थे। ईसाई धर्म के अनुसार प्रभु यीशु ने मानव जाति को विनाश से बचाने के लिए पापों से दूर रहने की शिक्षा दी और उन्होने अपने जीवन काल मे कई उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होने निर्दोष होते हुए भी पापियों की मुक्ति के लिए क्रूस पर अपने प्राण त्याग दिए थे। गुड फ्राइडे के मौके पर अशोकनगर के सेंट थॉमस चर्च मे बडी सख्या मे ईसाई धर्म के अनुयायी पहुचें। यहा एक दिन पहले की रात से आयोजित प्रार्थना सभा मे भाग लिया। यहा प्रभु यीशु की सात वाणियों पर प्रकाश डाला गया। 3 बजे प्रभु यीशु की मृत्यु के बाद और तीन दिन बाद प्रभु यीशु के पुर्नजन्म होने के अवसर पर पर्व मनाया गया। इसलिए इसे गुड फ्राइडे के रूप मे मनाया जाता है।



# दो कचरा वहनों से सफाई व्यवस्था दुरस्त करने का किया जा रहा काम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी नगर में पिछले 11-12 दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। नगर पालिका के सफाई कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं, जिससे पूरे शहर में गंदगी का अंबार लग गया है। हालांकि प्रशासन वैकल्पिक रास्तों से स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहा है, लेकिन धरातल पर हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं।

### प्रशासनिक रुख

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि वे शहर को साफ रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बिगड़े, इसके लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है और काम में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

#### खास बातें

- गुरुवार को आंदोलनकारी सफाई कर्मियों ने कचरा वाहनों को रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस बल की मौजूदगी में वाहनों को रवाना किया गया।
- नगर पालिका फिलहाल 2 से 3 कचरा वाहनों और जेसीबी के माध्यम से मुख्य ढेरों को साफ करवा रही है। सफाई दरोगा रवि खन्ना और रुमेश खन्ना के परिवारजन कुछ वार्डों में सफाई का जिम्मा संभाले हुए हैं।
- कचरा तो उठाया जा रहा है, लेकिन गलियों और सड़कों पर झाडू न लगने के कारण धूल और छोटी गंदगी की समस्या बनी हुई है।
- नगर पालिका ने कड़ा रुख अपनाते हुए अब तक 17 स्थाई सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

### जनता का आक्रोश सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं

शहर की जनता में इस अव्यवस्था को लेकर भारी रोष है। नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि वह नगर पालिका को टैक्स मूलभूत सुविधाओं के लिए देते हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शहर साफ नहीं हुआ, तो वे टैक्स भरना बंद कर देंगे। हमें इससे मतलब नहीं कि पैसा कहां जा रहा है, हमें सिर्फ शहर में सफाई चाहिए। हमारी गाढ़ी कमाई का पैसा सिर्फ वेतन बांटने के लिए नहीं, बल्कि सुविधाओं के लिए है। बता दें कि 1 अप्रैल को जन आक्रोश रैली के माध्यम से चंदेरी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें प्रशासन को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया गया था। अब अल्टीमेटम की अवधि समाप्त होने को है, ऐसे में नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो उग्र आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### 15 वर्षीय गुमशुदा बालिका 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब

**अशोकनगर।** 1 अप्रेल 2026 को फरियादी द्वारा थाना चंदेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त सूचना पर थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 186/26, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव को बालिका की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी चंदेरी द्वारा एक विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत प्रयासों के आधार पर संभावित स्थानों पर तलाश की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप 2 अप्रेल को नाबालिग बालिका थाना चंदेरी में उपस्थित हुई, जिसको मौके पर विधिवत दस्तयाब किया गया। बालिका ने अपने कथन में उसके साथ कोई घटना नहीं घटित होना बताया, दस्तयाब बालिका को वनस्टॉप भेजा गया। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव, उपनिरीक्षक जूली रघुवंशी, प्रधान आरक्षक उम्मेद सिंह, प्रधान आरक्षक बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक हरीश भार्गव, आरक्षक विष्णु प्रजापति, आरक्षक आनंद राजपूत एवं महिला आरक्षक रौली राजा चैहान की विशेष भूमिका रही।

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने 1424.24 लाख की लागत के 78 कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद मुंगावली में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा 245 लाख रूपये की लागत के 13 कार्यो का लोकार्पण एवं 1179.24 लाख रूपये के 65 कार्यो का शिलान्यास किया गया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि जिंदगी के प्रथम चरण से आखिरी चरण तक मुंगावली के विकास के लिए तत्पर रहूंगा। जब भी मुंगावली आता हूं तो खाली हाथ नहीं आता हूं। आज मुंगावली क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात लेकर आया हूं। मुंगावली क्षेत्र में सड़क, रेल,अधोसंरचना के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना स्वीकृत कराई गई। ग्रामीण क्षेत्र के पेयजल के लिए राजघाट परियोजना के अंतर्गत 100 गांव को लिए राशि स्वीकृत कराई गई। इसके आधार पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही 6 करोड रुपए की राशि अतिरिक्त पेयजल हेतु स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण अशोकनगर जिले के लिए 922 करोड रुपए की पेयजल योजना के लिए राशि स्वीकृत कराई गई। उन्होंने मुंगावली के भुजरिया तालाब के संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कराए जाने की बात कही।

### हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजना के अंतर्गत हितलाभों का वितरण किया गया। जनपद पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पत्रों, नगर परिषद द्वारा पट्टा वितरण, आवास योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रों का वितरण,लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत प्रमाण पत्रों का वितरण,कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों का वितरण, एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण, पशुपालन विभाग द्वारा दुधारू पशु योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष नीतू नरेश ग्वाल, उपाध्यक्ष श्वेता मनीष मोदी, जनपद अध्यक्ष विजयालक्ष्मी जैन, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला यादव, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव, भाजपा महामंत्री नरेश ग्वाल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अगड़ दम- बगड़ दम पर जमकर थिरके श्रोता

# गणगौर मेले में लोक गायिका कविता शर्मा का जलवा

**अशोकनगर।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के सुप्रसिद्ध जागेश्वरी गणगौर मेले की शाम कल बुंदेली सुरों से सराबोर रही। बुंदेलखंड की मशहूर लोक गायिका कविता शर्मा ने अपनी खनकती आवाज़ और चटकीले लोकगीतों से ऐसा समां बांधा कि पांडाल में मौजूद हर शख्स मंत्रमुग्ध हो गया।



### सुपरहिट गीतों की रही धूम

कविता शर्मा ने जैसे ही मंच संभाला, चंदेरी की फिज़ा में बुंदेली लोक संस्कृति की महक घुल गई। उन्होंने अपने सबसे लोकप्रिय गीतों की झड़ी लगा दी। अगड़ दम-बगड़ दम, नॉन ज्यादा मिर्ची कम.. पर लोगों ने खूब तालियां बटोरीं। जा कड़ी बगर गई..और कबाऊ जा दुकनिया, कबाऊ बा दुकनिया..जैसे गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। नाय माये फिरती जगती मोहनिया...के जरिए उन्होंने बुंदेली लोक गायकी की वह मिठास बिखेरी, जिसकी मांग स्थानीय लोग काफी समय से कर रहे थे।

### प्रचार-प्रसार की कमी ने फीका किया उत्साह

एक तरफ जहाँ कविता शर्मा का जादू मंच पर सिर चढ़कर बोल रहा था, वहीं दूसरी ओर श्रोताओं की संख्या उम्मीद से कम रही। इसका मुख्य कारण प्रचार-प्रसार की भारी कमी को माना जा रहा है। शहर में ढंग से मुनादी या सूचना न होने की वजह से कई लोग इस सुरीली शाम का हिस्सा बनने से चूक गए। कविता शर्मा को सुनने की इच्छा तो बहुतों की थी, लेकिन कार्यक्रम की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी, जिससे भीड़ वैसी नहीं दिखी जैसी उनकी लोकप्रियता के हिसाब से होनी चाहिए थी।

### नपा ने मानी जल्दबाजी में हुई चूक

21 मार्च से शुरू हुआ यह मेला 5 अप्रैल को समाप्त होने जा रहा है। इस बार मेले में बुंदेलखंड के कई नए और उभरते कलाकारों को मंच दिया गया। व्यवस्थाओं को लेकर उठे सवालों पर नगर पालिका प्रशासन ने अपनी सफाई देते हुए स्वीकार किया कि मेले की तैयारियां आनन-फानन में की गई थीं। समय कम होने के कारण उतनी बेहतर व्यवस्थाएं नहीं दी जा सकीं जितनी चंदेरी की जनता हकदार है। नगर पालिका का संकल्प प्रशासन ने वादा किया है कि अगली बार प्रचार-प्रसार से लेकर कलाकारों के चयन और जन-सुविधाओं तक, हर मामले में मेले को और भव्य व व्यवस्थित बनाया जाएगा।

## धर्म सभा को सुनने भक्तों की उमड़ी भीड़

# मन को छल, कपट, राग-द्वेष से दूर करने की कोशिश करुंगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





आप अपने भाव को तो प्रकट करो आप एक कदम तो बढ़ाओ एक साथ आप कुछ भी नहीं छोड़ सकते इसके लिए कुछ तो करना पड़ेगा। आप भगवान से कहें कि जन्म जरा मृत्यु से हम ऊपर उठे ऐसा करने के लिए आप देवताओं को भेज दो कि जब भी में संसार में उलझने के लिए कुछ करू तो देवता मुझे रोक दें। मुझे कुछ दिव्य वचन सुनने को मिले कि मैं इस संसारी सुख को छोड़ कर तेरी शरण में ही अपने मन लगा सकूं। मैं अपने मन को क्षमा वान दयालु करुणा वान बनकर अपने मन को शांत कोमल सरल स्वभाव को बनाऊंगा। अपने मन वचन काय को सुन्दर रूप में प्रस्तुत करना चाहता हूं। उक्त आश्य केउद्गार संत निवास सुभाषगंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए दया भावना प्रेरक मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

**शांति नाथ मंदिर की होगी वेदी प्रतिष्ठा श्री फल भेंट कर मुनि पुंगव के पास जायेगी कमेटी** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परमपूज्य गुरुदेव शांतिनाथ मंदिर की वेदी प्रतिष्ठा तक आपका सानिध्य हमें प्राप्त हो इस हेतु कमेटी मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ को श्री फल भेंट करने देवगढ़ जा रही है। पूज्य श्री आपके नेतृत्व में हम परम पूज्य की अगवानी करना चाहते हैं। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा पूर्व महामंत्री रमेश तारई हेमंत टडैया संदीप बड़कुल सहित अन्य प्रमुख जनो ने श्री फल भेंट किया।

**भक्ष अभक्ष जो भी मिला सब खा लिया इतना भी विवेक नहीं है** मुनि श्री ने कहा कि मैं अपनी भूख को इतना महत्व देता हूं कि जहां ढाबा मिला भक्ष अभक्ष जो भी मिला सब खा लिया। मुझे इतना भी विवेक नहीं है पापी दुराचारी असभ्य लोगों को पसंद आ जाऊ इसके लिए मैने कुछ भी कहीं भी खाना पीना शुरू कर दिया। दुनिया की हर चीज मैं अपने साथ रखता हूं लेकिन एक छोटा सा कपड़ा नहीं रखा जिससे जल को छानकर नहीं पीया। अपवित्र जल जीव जन्तुओं से रहित जल की खोज की ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया। मन पसंद व्यंजन को खोजता रहता हूं यह तो अच्छा है कि साधु संत ने हमारे लिए कुछ अनुशासन सिखाया है। इस संसार में क्या क्या हो रहा है सबसे पहले तो दुनिया की किचिन ही किच किच से भर गई वो तो यह साधु संतों की मेहर बानी है कि आज मेरा रसोईघर कुछ ठीक है मैंने प्रभु आज्ञा को जान कर भी अपने मन को ही माना।

**थूवोनजी में मुनि संघ व आर्यिका संघ का एक साथ हुआ प्रवेश हुआ** जिले के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज ससंघ एवं आचार्य विराग सागर जी महाराज की प्रथम शिष्या गणर्नी आर्यिका विशाश्री माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। जहां संत संघ का तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास पूर्व महामंत्री विपिन सिंघई क्षेत्र के मंत्री राजेन्द्र हलवाई मंत्री शैलेन्द्र दद्दा मंत्री प्रदीप जैन रानी सहित अन्य प्रमुख जनो ने संघ को श्री फल भेंट किये इस दौरान भक्तो के साथ आचार्य संघ ने तीर्थ क्षेत्र की वंदना की।

### स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा केस

# रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

### मामले में इस्तीफा दे चुके पूर्व ऑपरेटर की भूमिका ज्यादा संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जिले के स्वास्थ्य महकमे में जो न हो जाए कम है। गत दिवस ही कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं स्थापना के लिपिक का वेतन उस दिन तक रोकने के तल्ख निर्देश दिए थे जब तक संविदा कर्मचारियों को उनकी तनख्वाह न मिल जाए। उक्त मामला अभी चर्चा में ही था कि जीरापुर क्षेत्र से जुड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में जन्म-मृत्यु पंजीयन पोर्टल के साथ बड़ी डिजिटल छेड़छाड़ का मामला सामने आ गया।

रामगढ़ पीएचसी(प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में मात्र कुछ ही मिनटों के भीतर ओटीपी और जीमेल एक्सेस का दुरुपयोग कर 08 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। चैंकाने वाली बात यह है कि इन प्रमाण पत्रों में मध्य प्रदेश के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के आवेदकों के नाम भी शामिल हैं, जो




एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता की ओर ईशारा कर रहे हैं।

#### संस्था प्रभारी के पास आई ओटीपी से मालूम हुआ खेल

रामगढ़ पीएचसी प्रभारी डॉ. सिमरन ठाकुर ने बताया कि 16 मार्च 2026 की शाम जब अस्पताल में कोई भी कर्मचारी पोर्टल पर काम नहीं कर रहा था, तभी अचानक उनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त हुआ। इसके तुरंत बाद एक के बाद एक साथ आठ एसएमएस आए जो जन्म प्रमाण-पत्र जनरेट होने के संबंध में थे। मामले की गंभीरता को देखेते हुए डॉ. सिमरन ने मोबाइल नंबर तो बदल दिया लेकिन लेकिन पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पोर्टल से जुड़ा था, जिसका फायदा उठाकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया।

#### शक की सुई पूर्व ऑपरेटर पर

प्राथमिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि पूर्व में भी एक फर्जी प्रमाण पत्र का मामला सामने आया था, जिसके बाद डेटा एंट्री ऑपरेटर अर्जुन बैरागी ने इस्तीफा दे दिया था। आशंका जताई जा रही है कि पोर्टल की लॉगिन आईडी और पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पूर्व ऑपरेटर के पास होने के कारण इस सुरक्षा चूक का लाभ उठाया गया। 16 मार्च की रात को जीमेल आईडी बदली गई, लेकिन अगले ही दिन फिर से लॉगिन के प्रयास किए गए, जो पोर्टल की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करते हैं।

#### इन नामों से जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्र

पोर्टल का दुरुपयोग कर नंदनी सोनी, मोहम्मद बिलाल मंसूरी, सुनीताबाई बाई बागरी, पिंकी, मनीषा कुमारी, मुलागेरी श्रावंती (तेलंगाना), अकान बाई और अनिल नाथ के नाम पर प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। संस्था प्रभारी डॉ. सिमरन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को लिखित शिकायत के बाद साक्ष्य (ओटीपी स्क्रीनशॉट और फर्जी प्रमाण पत्र) विभाग को सौंप दिए हैं। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस डिजिटल सेंधमारी के पीछे के असली मास्टरमाइंड और पूर्व ऑपरेटर की भूमिका पर क्या सख्त एक्शन लेता है।

#### इनका कहना है


मामला डिजीटल क्राइम से जुड़ा है इसलिए हमने मामले की इत्तिला जिला पुलिस की साइबर सेल को भी लिखित में कर दी है। वहां से प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्यवाही करेंगे।

- **सुनील चौरसिया,** ब्लॉक मेडीकल ऑफिसर, जीरापुर, जिला राजगढ़

### पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरान्त कायम किए मर्ग

# राजगढ़ क्षेत्र में विवाहिता तो सारंगपुर में फंदे पर झूला युवक, पड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-सारंगपुर



राजगढ़ क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता महिला और सारंगपुर नगर में एक युवक द्वारा फांसी के फंदे पर झूल अपनी इहलीला समाप्त कर ली गई। दोनों मामलों में सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा व अन्य आवश्यक कार्यवाही उपरान्त शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया एवं मर्ग कायम कर जांच में लिए गए।

#### 30 वर्षीय विवाहिता फांसी पर झूली

राजगढ़ कोतवाली थानाक्षेत्र के तहत आ रहे ग्राम झंझाड़पुर में गुरुवार शाम ममता पत्नी बीरम तंवर उम्र 30 वर्ष का शव फंदे पर लटका मिला। जानकारी लगने पर थाने की टीम मौके पर पहुंची और बॉडी को फंदे से उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की गहन विवेचना में लगी हुई है।

#### सारंगपुर में घर में ही फंदे पर झूला युवक

उक्त घटना के इतर जिले के सारंगपुर नगर के कीड़ी रोड़ पर एक युवक समीर पिता जमील अंसारी उम्र 30 वर्ष ने अपने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। परिजन तत्काल युवक को फंदे से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टरों ने जांच के उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत से परिवार में शोक का माहौल है और आसपास के क्षेत्र में भी घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की। पुलिस द्वारा मौका पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल उक्त दोनों ही मामलों में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक

### विभिन्न लापरवाहियों पर सीएमएचओ से किए जवाब-तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी शुक्रवार दोपहर अचानक डीएच के निरीक्षण पर पहुंचे गए। इस दौरान अस्पताल की आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रत्येक तल का निरीक्षण किया गया।

अधिकारीद्धय ने सभी वार्डों, कैंटीन एवं शौचालयों की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर पीयूसी द्वारा तैयार किए गए भवन के मानचित्र एवं डिजाइन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से



उपलब्ध कराई जाएं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं मिल सकें। अधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन को सुधार हेतु तल्ख निर्देश प्रदान किए। जिला अस्पताल में नव स्थापित मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री सिस्टम एवं आरओ जल आपूर्ति व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एनआरसी कक्ष को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं ईटीपी प्लांट की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। फील्ड विजिट के दौरान पुलिस हाउसिंग के कॉन्ट्रक्टर रत्नेश चैरसिया एवं संजीव सहाय शर्मा भी उपस्थित रहे।

### स्टेडियम में शाम 5 बजे से

## राजगढ़ में कल से शुरू होगा आईपीएल, ईनाम 71 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर राजगढ़ मुख्यालय पर कल रविवार 5 अप्रेल से आईपीएल टूर्नामेंट की शुरूआत होने जा रही है। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें शामिल की गई हैं जिनमें जिले व क्षेत्र के बेहतरीन क्रिकेटरों का जलवा दर्शकों को देखने मिलेगा।



हाशमी क्रिकेट क्लब एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के सहयोग से आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट 5 अप्रेल से आरंभ होगा 17 अप्रेल को संपन्न होगा। टूर्नामेंट की फाइनल विजेता टीम को वसीम सरोज हाशमी द्वारा 71 हजार रुपए एवं ट्राफी का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही उप-विजेता टीम को 40 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। स्थानीय स्टेडियम परिसर में होने जा रहे इस टूर्नामेंट के लिए लाईटिंग, सुरक्षा समेत तमाम व्यवस्थाएं आयोजकों द्वारा कर ली गई हैं। उद्धघाटन मैच प्रशासन इलेवन एवं विधायक इलेवन की टीम के बीच खेला जाएगा। आयोजकों ने आधिकाधिक खेल प्रेमियों ने इस टूर्नामेंट का आनंद उठाने की अपील की है। फाइनल मैच उपरान्त मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बल्लेबजार, मेच ऑफ द मैच सहित अन्य पुरस्कार खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।

# एक तरफा प्यार के चक्कर में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, पहुंच गई पुलिस

### पुलिस ने समझा-बुझाकर नीचे उतरवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिले के सारंगपुर क्षेत्र के लीमाचैहान गांव में शुक्रवार दोपहर एकतरफा प्रेमप्रसंग के चलते एक 25 वर्षीय युवक मोबाइल के टॉवर पर जा चड़ा। सूचना मिलते ही टीआई और पुलिसबल मौके पर पहुंचे और किसी तरह समझाईस देकर युवक को टॉवर पर से नीते उतरवाया। बताया जा रहा है कि जिस युवति से लड़का प्रेम करता है उसकी कुछ ही दिनों में शादी होने वाली है।

निपानिया गांव तुला निवासी अनिल वर्मा नाम का यह युवक मिस्त्री का काम करता है और संबंधित युवति से एकतरफा प्रेम करता था। युवति की कुछ दिनों में शादी होने वाली है। इसके चलते युवक ने आत्मघाती उठाया और टॉवर पर जा चड़ा। पुलिस ने युवक अनिल की जान बचाने के भरसक प्रयास किए और युवति से भी बात करवाई। युवति ने बताया कि वो उससे प्यार नहीं करती है। टीआई राहुल रघुवंशी, एसआई सुगनलाल धुर्वे, अमित रघुवंशी, राधारमण मीणा और आरक्षक विक्रम ने युवक को करीब एक घंटे समझाया। संबंधित युवती से बात की तो ज्ञात



हुआ की उसका कोई संबंध ही नहीं है और न ही उसे जानती है। इसके बाद पुलिस ने युवक को प्रेम से समझाया और नीचे उतार कर थाने ले गए जहां उसे समझाईश दी जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवक घायल, डायल112 ने पहुंचाया अस्पताल

**विदिशा।** जिले के थाना मुरवास क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर बस स्टैंड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना 2 अप्रैल को सुबह 10:13 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना मुरवास में तैनात डायल-112 एफआरवी वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 के सैनिक समीन खान एवं पायलट राशिद खान घटनास्थल पर पहुँचे और पाया कि टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर माचलपुर में निकला भव्य चल समारोह



**माचलपुर।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी देखी गईं और श्री राम और बजरंगबली के जय जयघोषों से नगर गुंजायमान नजर आया। नगर में रामनवमी से ही हनुमान मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था वहीं अखंड रामायण के पाठ चल रहे। इस बार ईमली वाले बालाजी मंदिर पर रामनवमी से विशेष रूप से रात्रि में रामकथा चल रही थी वहीं पांच दिवसीय पंचकुंडी महायज्ञ भी हुआ जिसमें प्रतिदिन मंत्रोच्चार से दी गई आहुतियों ने वातावरण को शुद्ध किया जिसकी पूर्णाहुति हनुमान जन्मोत्सव पर हुई। वही मंदिर पर बने नवीन शिखर पर कलश चढ़ाया गया इसका पुण्य कमाने के लिए विष्णुप्रसाद करोड़िया ने उच्चतम बोली 2 लाख 51 हजार लगाई और करोडिया परिवार की और से चढ़ा। शाम को विशाल शोभायात्रा मंदिर से बैंड बाजे डीजे की धुन पर बजते धार्मिक भजनों निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में हनुमानजी की चलित झांकी भी सम्मिलित थी। चल-समारोह नगर भ्रमण उपरान्त मंदिर पहुंचा जहां हनुमान जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसी प्रकार नगर प्रसिद्ध चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पर भी विभिन्न आयोजनों के साथ भंडा आयोजित किया गया।

## दो आरोपी वाहन समेत किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 5 लाख कीमत की तीन मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस के रडार पर थे।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। इस दौरान अंकित यादव उर्फ टुंडा (25) निवासी क्रांति चौक और अरुण अहिरवार (19) निवासी गुप्तेश्वर मंदिर के पास, कोतवाली क्षेत्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी टुंडा ने सुपारी लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में ही मुखर्जीनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता रंजीत सोनी की गोली मारकर हत्या की थी।

#### आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में 9 और कोतवाली थाने में 3 प्रकरण पहले से दर्ज हैं, जिनमें हत्या (धारा 302) जैसे गंभीर अपराध भी शामिल हैं। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों का खुलासा करने में जुटी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकता है। इस कार्रवाई में एएसआई घूमन सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील पुरी, राजकुमार मौर्य, कपूर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में चोरी और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य मामलों के खुलासे की भी उम्मीद है।

## महेश शर्मा बने किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष



**खिलचीपुर।** भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने महेश कुमार शर्मा खिलचीपुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर प्रदेश की कमान सौंपी है। शर्मा को उनकी सराहनीय कार्य शैली को दृष्टि गत रख मनोनित किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर इष्टमित्रों, नागरिकों ने बधाईयां दी हैं।

# राजगढ़ हेड पोस्ट ऑफिस में खत्म हुई रेल रिजर्वेशन सुविधा, आमजन परेशान


### सांसद नागर ने दूर संचार मंत्रालय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में अर्से से चालू रेलवे रिजर्वेशन की सुविधा को रेल विभाग ने 31 मार्च को बंद कर दिया जबकि प्रतिदिन काउन्टर से अनेकों टिकिटों की बुकिंग होती है। जब रेल में सफर करने वाले यात्री रिजर्वेशन के लिए पोस्ट ऑफिस पहुंचे तब उन्हें यह बात मालूम हो पाई। हरिभूमि न जब पोस्ट ऑफिस प्रबंधन से बात की तो मालूम हुआ कि यह उनके हाथ से नहीं बल्कि रेलवे मिनिस्ट्री के निर्देशों पर किया गया है। आपको बतादें कि राजगढ़ मुख्यालय स्थित पोस्ट ऑफिस में प्रतिदिन कईं लोग विभिन्न टेनों से यात्रा करने हेतु आरक्षण करवाया करते हैं। गत दिवस जब कुछ यात्री अमन, दिलीप, महीप, प्रकाश, सुनील, देवेंद्र व अन्य जब पोस्ट ऑफिस में रेल रिजर्वेशन करवाने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि अब यहां से रिजर्वेशन नहीं हो पाएगा।

#### नवंबर में भी बंद हुई थी सेवा

राजगढ़ मुख्य डाकघर में रेल रिजर्वेशन सुविधा को रेल मंत्रालय ने नवंबर माह में भी बंद किया था जिसके



रोड़मल नागर
सांसद (लोक सभा)
राजगढ़ (म.प्र.)
सदस्य
स्थाई समिति- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ● विद्युत मंत्रालय
परामर्शदात्री समिति ● अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति

सत्यमेव जयते

2, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली
पिन : 110001
फोन : 011-23314198
निवास : ए.बी.रोड, पचोर
जिला : राजगढ़-465683 (म.प्र.)
फोन : 07371-221054, 226068
E-mail : rodmalnagar@gmail.com

क्रमांक : 294/2026 दिनांक : 15-03-2026

प्रति,
माननीय मंत्री महोदय,
संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग
भारत सरकार, नई दिल्ली

विषय :— रेल आरक्षण केन्द्र मुख्य डाकघर राजगढ़ की निरंतरता चाहने बावत्।

विषयान्तर्गत अनुरोध है, कि मेरे लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ (मध्यप्रदेश) के राजगढ़ जिला मुख्यालय पर रेल्वे रिजर्वेशन केन्द्र मुख्य पोस्ट ऑफिस राजगढ़ में स्थापित है, राजगढ़ जिला मुख्यालय अभी तक रेल सुविधाओं से वंचित रहा है, मोदी सरकार के विशेष प्रयासों से रामगंजमंडी-भोपाल की महत्वाकांक्षी रेललाईन का निर्माण कार्य द्रुतगति से चलकर शीघ्र पूर्णता की ओर है, जिसके माध्यम से संसदीय क्षेत्र के राजगढ़, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़, कुरावर आदि के लाखों लोगों को **पहलीबार रेलवे स्टेशन के माध्यम से रेल सुविधा का लाभ मिलेगा। वर्तमान में राजगढ़ मुख्य डाकघर में संचालित जिले के एकमात्र रेल आरक्षण केन्द्र की निर्बाध सुविधा हेतु NextGenPRS कनेक्शन भी** परिवर्तित हुआ है।

राजगढ़ के हजारों रेल यात्रियों को रेल्वे स्टेशन पर आरक्षण बुकिंग संबंधी सुविधा उपलब्ध होने तक यात्रियों के हित में मुख्य डाकघर राजगढ़ में स्थित आरक्षण केन्द्र को निरंतर रखा जाना उचित होगा।

अतः जनहित में मुख्य पोस्ट ऑफिस राजगढ़ में संचालित रेल्वे आरक्षण केन्द्र को निरंतर रखने की स्वीकृति देकर अनुग्रहित करें।

!! धन्यवाद !!

संलग्न:— आवेदन-पत्र।

भवदीय
(रोड़मल नागर)
दिनांक 15/03/2026

पृ.क्रमांक/रेल/2026/295
प्रतिलिपि :—
1. माननीय मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम-मध्य रेल मंडल भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

बाद क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर के प्रयासों से यह सुविधा पुनः प्रारंभ हुई थी। हरिभूमि ने इस बारे में जब सांसद नागर से संबंध किया तो उन्होंने बताया कि इस असहुलियत के लिए उन्होंने दूरसंचार मंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध कर दिया है ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो पोस्ट ऑफिस में यह सुविधा जल्द प्रारंभ हो जाएगी।

### देर रात्रि तक चलता रहा आयोजन, भंडारे और आरती आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकला भव्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भगवान हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शहर में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में एतिहासिक चल समारोह निकाला गया।जुलूस पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। अखाडे के उस्ताद करतब दिखाते हुए चल रहे थे।चल समारोह मुख्य मार्गों से होकर पुराना बस स्टैंड स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचा, जहां जूलूस का महाआरती के साथ समापन किया गया।

हनुमानजी के जन्मोत्सव के मौके पर गुरूवार देर शाम को चल समारोह की शुरूआत ढकोरा रोड स्थित हनुमान मंदिर से की गई।यहां पर श्रद्धलुओं का एकित्रतकरण हुआ। इसके बाद हनुमानजी की अतिथियों व वरिष्ठजनों के द्वारा आरती की।आरती के बाद चल समारोह की शुरूआत की।जुलूस में भगवान श्री राम-लक्ष्मण जी व हनुमानजी के पात्र एक रथ पर सवार होकर चल रहे थे।



इसके अलावा अखाड़े, सुंरकांड समितियां, झांडा समितियों के भक्तगण सहित हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ता, राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया।डीजे के साथ जुलूस यहां से शुरू होकर सुठालिया रोड पर पहुंचा।रोड पर पूरे रास्ते में स्थानीयजनों के द्वारा पुष पवर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम रखा गया था। हनुमान जी महाराज की पालकी की पूजा अर्चना की। यात्रा सुठालिया रोड से होते हुए मुख्य बाजार होकर सुभाषा चैक होते हुए जगात चैक पहुंची। जगात चैक से चल समारोह अहिंसा द्वार होते हुए गुड़ चैराहा, पीपल चैराहा से होते हुए पुराना बस स्टैंड पर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचा।

#### महाआरती उपरान्त प्रसादी का हुआ वितरण

मंदिर पर रात के समय भव्य आरती का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा एवं हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अजय चैहान ने सभी सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं, समाज के सभी प्रभुत्वजनों, पुलिस-प्रशासन समस्त हिंदू समाज का अभिनंदन और आभार प्रकट किया।